
# मांडलगढ़ की कंजर बस्ती में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा

**माण्डलगढ़**, (निस)। मांडलगढ़ में रेलवे स्टेशन के पास हाइवे सड़क मार्ग किनारे कंजर बस्ती में जिस्मफरोशी का धंधा डेढ़ दशक से खुलेआम चल रहा है। इसे बंद कराने में पुलिस और प्रशासन नाकाम रहा है। इस मामले को लेकर समाज संगठन के नेताओं ने रविवार को दशहरा मैदान पर एक बैठक लेकर जिस्मफरोशी के धंधे को बंद करने की मुहिम शुरू की है।

नेताओं ने कहा कि इस अनैतिक कार्य से समाज के साथ मांडलगढ़ शहर का नाम बदनाम हो रहा है। दूसरी ओर जिस्मफरोशी के धंधे वाली बस्ती पर बुलडोजर चलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने करीब 50 लोगों को नोटिस भी जारी कर घर के स्वामित्व के दस्तावेज तलब किए जा रहे हैं। लेकिन इस बस्ती में स्थानीय कई लोग जिस्मफरोशी के इस धंधे में जुड़े हुए नहीं होने के बावजूद इन लोगों को बेदखली का डर सता रहा है। इस बस्ती के स्थानीय लोगों की पहल पर समाज संगठन के नेता आगे आए और एक बैठक लेकर निर्णय किया कि जो लोग बाहर से आकर यहां लड़कियां से जिस्मफरोशी का धंधा चला रहे हैं, इसे बंद कर दें।और बस्ती छोड़ कर चले जाएं। बैठक में समाज संगठन के नेताओं ने इस अनैतिक कार्य को करने वाले लोगों और लड़कियों को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया गया हैं। मांडलगढ़ में करीब डेढ़ दशक से इस बस्ती में वेश्यावृत्ति का धंधा खुलेआम फलफूल रहा है, यहाँ आने वाले ग्राहकों से बस्ती के कुछ बदमाश लोग लूटपाट और मारपीट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यहां बाहरी गांवों से आई 12 साल से 30 साल की 60 से अधिक लड़कियां वेश्यावृत्ति में लिप्त हैं। वहीं कंजर बस्ती के स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि बाहर गांव व शहरों से आए लोगों ने यहां आकर जिस्मफरोशी का धंधा शुरू किया है, यहां के लोग खेती-बाड़ी करते आए हैं। बैठक में कंजर समाज सुधार विकास संगठन के जिलाध्यक्ष भागचंद झंझावत, प्रदेश संगठन के संरक्षक भोलूराम झांझावत, जिला महासचिव रविन्द्र नानावत ने समझाइश कर वेश्यावृत्ति के धंधे को बंद करने की पहल की। बैठक में मांडलगढ़ थाने के सहायक उप निरीक्षक गोपाललाल मीणा अन्य पुलिसकर्मी और समाज के कई युवक, महिला व पुरुष मौजूद रहे।



मांडलगढ़ में जिस्मफरोशी के धंधे को बंद कराने के लिए समाज संगठन के लोगों ने बैठक कर समझाइश की।

- वृक्ष लगाओं धरती मां कोपुलिस और प्रशासन अनैतिक कार्य को बंद करने नाकाम रहा तो समाज के नेताओं ने पहल शुरू की
- नगर पालिका प्रशासन ने बस्ती के लोगों से घर स्वामित्व दस्तावेज तलब करने की प्रक्रिया शुरू की बचाओं के तहत वृक्षारोपण किया

गौरतलब है कि मांडलगढ़ उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह को उक्त बस्ती में अवैध निर्माण कर जिस्मफरोशी का धंधा चलाए जाने की शिकायत मिली। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर नगर पालिका ने बस्ती के सभी लोगों को नोटिस जारी किए है। जाच के बाद अतिक्रमियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## 400 मीटर लम्बी पाईप लाईन से होंगे लाभांवित

**अजमेर**, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार सायं 5.00 बजे रिको इंडस्ट्रियल ऐरिया स्थित सुन्दर विहार कॉलोनी में करीब 10 लाख रूपए की लागत से डलने वाली पाईप लाईन का शिलान्यास किया। पाईप लाईन लोहे के 150 एमएम के पाइप से 400 मीटर तक डाली जाएगी। विधायक भदेल ने कहा की इस पाईन लाईन से सुन्दर विहार कॉलोनी का क्षेत्र लाभांवित होगा। पूर्व में यहां पर कम एमएम की लोहे की पाईप लाईन थी, जिससे कम प्रेशर आने से क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति हेतु कई समस्याओं का सामना करना पडता था। वर्तमान में इस क्षेत्र में मुख्य पाइपलाइन और वितरण पाइपलाइन 100 एमएम व्यास की होने के कारण अंतिम छोर के क्षेत्रवासियों को कम दबाव और पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पाती है इस समस्या के समाधान हेतु सुन्दर विहार कॉलोनी के मुख्य द्वार से 400 मीटर तक की लंबाई में 150 एमएम व्यास की पाइपलाइन बिछायी जाएगी जिससे की अंतिम छोर के क्षेत्रवासियों को उचित दबाव और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होगा नई पाईप लाईन डालने से पानी का प्रेशर भी बढ़ेगा और क्षेत्रवासियों को पाईप लाईन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो पायेगा।

## वृक्ष लगाओं धरती मां को बचाओं के तहत वृक्षारोपण किया

**अजमेर**, (कासं)। अजमेर भार्गव सभा संस्था द्वारा वृक्ष लगाओं धरती मां को बचाओं के तहत राजीव मार्ग, पंचशील स्थित बागीचे में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था के सचिव अत्रि भार्गव ने बताया कि आज के समय में वृक्षारोपण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। हमारे पर्यावरण को प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, और वन्य जीवों के आवास की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते है जो हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, इसके लिए समाज ने मां धरती को पुनः हरियाली से आच्छादित करने के प्रयास में वृक्ष लगाओं धरती बचाओं के तहत वृक्षारोपण किया है।

इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष प्रहलाद स्वरूप भार्गव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में, वृक्ष हरित स्थानों को बढ़ाकर हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। वे शीतल छाया प्रदान करते हुए गर्मियों में तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होते है। प्रत्येक समाज व व्यक्ति को अपने खुशी के अवसर पर वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। ृक्षारोपण कार्यक्रम में समाज के अवसर पर भार्गव समाज के सदस्य रविन्दर कुमार, प्रहलाद स्वरुप, मन्जू, मुनेश शंकर, प्रतीक, दिनेश, दीपक (एल.आई.सी), शिल्पा, सुमन भार्गव उपस्थित थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अनिल महावर (यूनाईटेड इंश्योरेंस) और राजेश का विशेष सहयोग रहा।

## क्षोरकार नवयुवक मंडल का गठन

**बिजयनगर**, (निसं.)। बिजयनगर क्षोरकारनवयुवक मंडल का गठन सर्वसम्मति से किया गया।सिद्धार्थ कॉलोनी स्थित सेन मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुनील सेन की अध्यक्षता में शनिवार को क्षोर कार नवयुवक मंडल कार्यकारणी गठन हुआ। कार्यकारणी में संरक्षक शंभू लाल सिंगावल, अध्यक्ष सुनील एकलसिंगा, उपाध्यक्ष बाबूलाल कालेड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश सरेरी, सह कोषाध्यक्ष महावीर कानिया, सचिव महावीर देवलिया, सहसचिव शंकर देवलियां, सलाहकार शिवकुमार कोटडी, प्रचार मंत्री अनिल केरोट हेमराज पाडलिया, मंत्री गिरधारी सेन बडली, सहमंत्री अक्षय सेन सथाना को मनोनीत किया गया। बैठक में विजयनगर हेयर सैलून संचालको के लिए नई रेट लिस्ट का निणर्य लिया गया।

## वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की गई कार बरामद

**अजमेर**, (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गत दिनों चोरी हुई कार के मामले में पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिर चोरों के कब्जे से चुराई गई कार भी बरामद कर ली है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातें करना कबूला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान में जुटी है।

- पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जयपुर और जोधपुर में भी चोरी की वारदातें करना कबूल किया



पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।

सिविल लाइन थाने के हैड कांस्टेबल हरिराम ने बताया कि चंदरबरदायी निवासी मनोज कुमार 29 फरवरी को जयपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में दोस्तों व परिवार के सदस्यों के साथ क्रेटा कार में खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद जब वह रेस्टोरेंट से बाहर आए तो उनकी कार बाहर नहीं मिली। रेस्टोरेंट के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे खंगालने के बाद पता चला कि दो युवक कार चोरी कर फरार हो गए।

## सार-समाचार

### रथयात्रा धूमधाम से निकली

**उदयपुर**, (कासं)। शहर में भगवान जगन्नाथरायजी की विशाल रथयात्रा रविवार को धूमधाम के साथ निकली।मेवाड के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने शहर के प्रसिद्ध जगदीश मंदिर के पुजारियों-सेवादारों के आमंत्रण पर वेदपाठी ब्राह्मणों के दल के साथ जगदीश मंदिर पहुंचे, जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी की विशेष पूजा-अचर्ना कर खुशहाली की कामना की। इसके बाद भगवान के विग्रह एक-एक कर रजत रथ में सवार होने के लिए विधि-विधान के साथ मंदिर से जगदीश चौक पहुंचे। जगदीश चौक में डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने भी रजत रथ में सवार भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथजी का रथ खींचा। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने कहा कि मैं भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ खींचकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेवाड 1500 साल से सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा व संरक्षण के लिए तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। भगवान जगन्नाथ स्वामी की यह विशाल रथ यात्रा युवाओं में सनातन धर्म-संस्कृति के प्रति समर्पित रहने के भी भाव जाग्रत करने का कार्य करती है।

### नेहरू गार्डन का किया निरीक्षण

**उदयपुर**, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को फतहसागर झील में अवस्थित नेहरू गार्डन के जीणोद्धार व सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और अब तक पूर्ण किए गए कार्य की प्रगति को देखते हुए शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल कटारिया आज दोपहर में शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, यूडीए आयुक्त राहुल जैन सहित यूडीए के अधिकारियों के साथ नेहरू गार्डन पहुंचे। राज्यपाल कटारिया ने लगभग पूर्ण हो चुके सिविल वर्क व सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर तैयार किए गए फुटपाथ, बारादरी, स्थानीय कलाकारों के लिए तैयार किए गए एम्पी थियेटर, जहाजनुमा रेस्टोरेंट और अन्य प्रभागों को देखा और इसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा और अन्य ने राज्यपाल को यूडीए द्वारा प्रस्तावित जीणोद्धार व सुदृढ़ीकरण कार्य तथा अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी दी और बताया कि गार्डन में पानी भर जाने के कारण आवागमन में होने वाली असुविधा को देखते हुए फुटपाथ को ऊंचा किया गया है। शर्मा ने कहा कि सिविल वर्क के बाद हॉर्टीकल्चर वर्क्स को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाएगा और इस गार्डन को सितंबर अंत तक पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। निरीक्षण दौरान उपायुक्त जितेन्द्र ओझा, अधीक्षण अभियंता अनित माथुर, अधिशासी अभियंता निर्मल सुथार प्रणाम कंस्ट्रक्शन के शंकर वरदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### गणेश जी को मोदक का भोग धराया

**उदयपुर**, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कोन उदयपुर द्वारा निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति, आलोक संस्थान, बजरंग सेनामेवाड, भारत विकास परिशद मेवाड, एवं सर्व समाज, संगठनों द्वारा डॉ. प्रदीप कुमावत के मुख्य संयोजक में बोहरा गणेशजी चौराहें पर भगवान जगन्नाथ की भव्य श्रृंगार महाआरती की गई। महाआरती संयोजक डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि बोहरा गणेश जी चौराहें पर प्रातःकाल से ही भक्तों की भीड जमा हो गई। भव्य श्रृंगार महाआरती के आयोजन में सबसे पहले भगवान गणेश जी को मोदक का भोग धराया गया। डॉ. कुमावत ने बताया कि बोहरा गणेशजी क्षेत्र में भगवान बोहरा गणेशजी और भगवान जगन्नाथ जी का मिलन ढोल नगाडो से, पुष्प वर्षा से धूमधाम से पूरे शास्त्र अनुसार धूप आरती से लेकर, कूपर आरती, घी की आरती, जल आरती के साथ पूरे अनुश्ठान को सम्पन्न करके भव्य श्रृंगार महाआरती हुई। सभी भक्तों को आरती प्रदान की गई। इस अवसर पर विषेश नियंत्रण मंच के अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की गयी मल्टीट्रेक रिकोर्डिंग ऊँ जय जगदीश हरे..... आरती के दौरान आरती चलाई गयी जिसने एक अनुपम नजारा प्रस्तुत किया। भगवान जगन्नाथ के स्वागत में मानो आसमान से सितारे जमीन पर उतर आए हो ऐसा अद्भूत दृश्य बोहरा गणेशजी चौराहें पर था।इस अवसर पर मुख्य सयोजक डॉ प्रदीप कुमावत, इस्कॉन् के मुख्य प्रबंधक मायापुर वासी, प्रो एस एस सारंग देवोत, महंत इंद्र देव दास, देवेंद्र, अनिल, जय राज आचार्य, रमेश चौधरी, चौथमल मंगरोला, कमलेंद्र सिंह पवार, शिव सिंह सोलंकी, भूपेंद्र सिंह भाटी, रोबिन सिंह,कांता कुमावत, सत्य नारायण चौधरी, विद्या कुमावत सहित गण मान्य उपस्थित थे।

### शांति का संदेश दिया

उदयपुर, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को शहर के गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण किया। साथ ही सफेद कपोत छोड़ कर शांति और सौहार्द का संदेश भी दिया। असम के राज्यपाल कटारिया एवं सांसद डॉ मन्नालाल रावत रविवार सुबह गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क पहुंचे। यहां उप वन संरक्षक मुकेश सैनी, उपवन संरक्षक (वन्यजीव) डीके तिवारी आदि ने उनका स्वागत किया। कटारिया ने बर्ड पार्क का अवलोकन किया और यहां की गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उप वन संरक्षक डीके तिवारी और रजत भार्गव ने रेस्क्यू सेंटर के बारे में अवगत कराया और बताया कि इस रेस्क्यू सेंटर पर विभिन्न घायल पक्षियों को उपचार प्रदान किया जाता है। राज्यपाल कटारिया और सांसद रावत ने वन विभाग द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि इससे घायल पक्षियों को जीवनदान प्राप्त हो रहा है।

### सम्मान समारोह आयोजित

**उदयपुर**, (कासं)। मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखले की नव मनोनित कार्यकारिणी का रविवार को ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्री यादे देवी मंदिर परिसर में शपथ ग्रहण समारोह ओर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख ममता कुंवर ओर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश के संयोजक प्रमोद सामर ने चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापति की अध्यक्षता में नव मनोनित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

### कार चोरी

उदयपुर, (कासं)।शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने गांधीनगर मल्लातलाई चौराहा हाल रेल्वे कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार चौहान पुत्र भेरूलाल चौहान की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 30 जून को कॉलोनी में खड़ी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

## भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली

**बिजयनगर**, (निसं.)। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावानामृत संघ बिजयनगर के तत्वावधान में रविवार को भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित इस्कान मंदिर से भगवान जगन्नाथ के रथ के आगे भजन संकीर्तन करतेरथ यात्रा के साथ चल रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्गपुलिस थाना के समीपस्थित इस्कान मंदिर से रथ यात्रा वर्धबमान कालोनी, तेजस्विनी होटल, राष्ट्रीय राजमार्ग 27 मिल चौराहा, बालाजी मंदिर से होकर वापस इस्कॉन मंदिर पहुंची। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रामें शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस्कॉन के अनुयाई पूर्व पालिका अध्यक्ष इंद्रजीत मेवाड़ा संजय कुमावत राधे गोपाल खंडेलवाल दिनेश तेला खडेलवाल, सुनील कुमावत, गोपी किशन महेश्वरी भागचंद चौधरी सहितमातृशक्ति भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल हुये।

## पानी भराव कि समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग

**अजमेर**, (कासं)। भाजपा के भूणाबाय स्थित कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती के आयोजन के अवसर पर मौजूद केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी को भाजपा वार्ड नंबर 54 के अध्यक्ष प्रवीण राठोड तथा भाजपा नेता मुन्ना मंसूरी ने मदार स्थित रेलवे स्टेशन के पास बने आर यू बी संख्या 42 में पानी भराव कि समस्या का स्थाई समाधान के लिए पत्र देकर मांग की है।

वार्ड अध्यक्ष प्रवीण राठौड भाजपा नेता मुन्ना मंसूरी ने केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी को पत्र देकर अवगत कराया कि मदार स्थित रेलवे स्टेशन के पास दो भूजा का अन्डर पास बना हुआ है उसमें पुरे वर्ष पानी भरा रहता है तथा रेल प्रशासन कि ओर से ईंजन लगवाकर पानी निकाला जाता है परंतु अन्डर पास के उपर से पानी आता रहता इससे एक भूजा में हमेशा पानी भरा रहता है इससे दोनो भूजाओ में गीलापन रहता इससे कभी भी दिवारे क्षतिग्रस्त होकर भविष्य मे कोई बड़ा हादसा होने कि संभावना बनी रहती है तथा एक ही भूजा कि तरफ से आमजन का आवागमन रहता इससे दुर्घटना का भय बना रहता है तथा कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी से समय रहते हस्तक्षेप कर उच्च स्तरीय तकनीशियन जांच करा उपरोक्त अन्डर पास में पानी का भराव ना हो उसका स्थाई समाधान कराया जाना अति आवश्यक है ताकि भविष्य किसी भी प्रकार कि अनहोनी से बचा जा सकें। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेशी लाल जोशी, हिम्मत सिंह राठोड, गजेन्द्र बागडी, ज्ञान वैष्णव, मोहन मेघवंशी आदि मौजूद थे।

- मदार स्थित रेलवे स्टेशन के पास बने आर यू बी संख्या 42 में पानी भराव कि समस्या का स्थाई समाधान के लिए पत्र देकर मांग की है

## सिन्धी समाज के लोगों ने चान्द उत्सव मनाया

**अजमेर**, (कासं)। सिन्धी समाज के प्रमुख महन्त टहलगिरी गोस्वामी ने चान्द उत्सव के अवसर पर अपने सत्संग प्रवचनो में बताया कि पूज्य झूलेलाल साहिब ने अवतार लेकर लोगों को धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और धर्म मार्ग में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को शिक्षा का संदेश दिया।

राजावीर बाजार आशागंज मायाणी चिकित्सालय के सामने स्थित पूज्य राजावीर साहिब दरबार एवं दुर्गा माता मन्दिर के महन्त टहलगिरी गोस्वामी और सन्त प्रकाश गोस्वामी के नेतृत्व में रविवार को पूज्य झूलेलाल साहिब के असू चण्ड के अवसर पर अरदास,महाआरती,राजावीर साहिब के पंजडे का आयोजन किया गया।महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि पूज्य श्री झूलेलाल साहिब के ज्योष्ठ माह के चान्द उत्सव के अवसर पर दरबार साहिब के अन्तर्गत अनेक आयोजन किए गए। पवित्र ज्योति को प्रज्जवलित किया गया।

## पेयजल समस्या व समाधान पर परिचर्चा संपन्न

**अजमेर**, (कासं)। विजन अजमेर संस्था की ओर से रविवार को शहर की पेयजल की समस्या व समाधान पर परिचर्चा रसोई बैंक्वेट हॉल स्वामी कॉम्पलेक्स में आयोजित हुई। परिचर्चा में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व आमजन ने पानी की समस्या पर अपने-अपने विचार रखे। विशेषज्ञों ने अल्पकालीन व दीर्घकालीन सुझाव दिए गए जिसका विजन डॉक्यूमेंट बनाकर संबंधित विभाग व मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

विजन परिचर्चा में पीएचईडी से सेवानिवृत्त सुपरिटेन्डेंट इंजीनियर हेमन्त रावत ने अजमेर में जल वितरण व्यवस्था की चरणबद्ध जानकारी दी। वर्तमान में चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि अजमेर को तरकीबन 125 एमएलडी पानी जरूरत है, जोकि बीसलपुर परियोजना से सहज उपलब्ध है, मगर वितरण व्यवस्था में अनेक खामियों के कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसके लिए व्यापक अध्ययन कर योजना बनाने की आवश्यकता है।

परिचर्चा में पूर्व जिला प्रमुख सत्य किशोर सक्सेना ने पुरानी पाईप लाईन, लीकेज, स्टोरेज और भौगोलिक स्थिति के अनुरूप वितरण की व्यवस्था में अनेक खामियां बताई, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। शहर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह रलावता, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी प्रभु सिंह चौहान, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह राठौड़, अधिवक्ता डॉ.योगेन्द्र ओझा, सेवानिवृत्त मुख्य प्रारूपकार जल संसाधन विभाग बलवीर सिंह शेखावत ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चितंक व वरिष्ठ पत्रकार गिरधर तेजवानी ने विजन अजमेर के उद्देश्य व कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि अजमेर में ऐसा गैर राजनीतिक मंच बनाया गया है जो आमजन और शासन-प्रशासन के बीच सेतु का काम करेगा।

## पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश

**मसूदा**, (निसं.)। प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया ने मंत्री भगीरथ चौधरी एवं भाजपा देहात जिलाध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा का माल्यार्पण कर किया अभिनंदन।विद्यालय में सभागार बनाने एवं कृषि संकाय खोलने हेतु कृषि मंत्री को सौंपा माँग पत्र।केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मसूदा उपखंड क्षेत्राधिन अँधेरी देवरी के राजकीय माध्यमिक के विद्यालय भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। यहाँ पहुँचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया ने केंद्रीय कृषि एवं कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व भाजपा देहात जिलाध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा सहित अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। मंत्री भागीरथ चौधरी भाजपा देहात जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया।इस दौरान मंत्री भागीरथ चौधरी ने व्यवसायिक कृषि प्रयोगशाला का निरीक्षण भी किया। विद्यालय में सभागार बनाने एवं कृषि संकाय खोलने हेतु विद्यालय प्रशासन की ओर से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भंवर लाल भूला, सरपँच प्रतिनिधि जवान सिंह रावत, विद्यालय स्टाफ के वरिष्ठ अध्यापक रामराज मीना, सुरेन्द्र सिंह, पिन्टू बंजारा, आनन्द कुमार, बलवीर सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंराई पहुंचे भागीरथ चौधरी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**अराई** (निसं.)। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के मंत्री बनने के बाद पहली बार अंराई आने पर नुवाद मार्केट मे जिला परिषद सदस्य नाथु नुवाद के द्वारा स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया जहां केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों ने 21 किलो के फूलो का हार पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया इस मौके पर भागीरथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं 36 कॉम के साथ हमेशा खड़ा हूं जो प्यार व स्नेह आपने दिया है मैं उसके लिए बहुत-बहुत आभारी हूं में मेरे राज्य के किसानों के कल्याण के लिए हमेशा तैयार हूं और किसानो की समृद्धि होना बहुत जरूरी है जब देश का किसान समृद्ध होगा तब देश का विकास और देश विकसित होगा किसान की आय बढ़ाना प्रथम प्राथमिकता है एम एस पी की व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है किसान अन्नदाता है किसान खुशहाल तो देश खुशहाल होगा किसान सम्मान निधि योजना से किसानों की माली हालत में सुधार हुआ है नदियो से नदियो को जोडा जायेगा इस दौरान अंराई कस्बे के खसरा संख्या 1736 मे 50 साल से रह रहे आवासीय मकानों के वाशिंदो ने आवासीय मकान को नहीं हटाने के बाबत ज्ञापन सौपा इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामसिंह राठौड़ पूर्व मंडल निर्मल कुमार भंडिया पंचायत समिति सदस्य रिदकरण भील पंचायत समिति पूर्व प्रधान रामलाल गेजण मंडल उपाध्यक्ष गोपीलाल मेवाड़ा ताराचंद किराडिया पूर्व सरपंच गोपाल मेघवंशी सांदोलिया सरपंच रामराज चांगल महामंत्री शिवराज उदय भाजपा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सांवरलाल भदाला शैलेंद्र सिंह शेखावत रतन खददा रामलाल नुवाद कालानाडा पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह सिरोंज सरपंच रामलाल मीणा बनवारी पूरी मुकेश गुलानिया रामस्वरूप मोडीवाल महिपालसिंह राव सुरेंद्र बाकलीवाल सज्जन सिंह सुखवीर चौधरी व भाजपा के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे इस अवसर पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण मंत्री हनुमान प्रसाद खोरवाल महेंद्र जैन रामगोपाल वैष्णव गजानंद राकेश नेमीचंद पवार सोहन सिंह गोली सहित उप शाखा अराई के पेंशनरों ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का साफा बंधन कर स्वागत किया।



कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का साफा बंधन कर स्वागत किया।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, युवती सहित तीन लोग घायल

**मसूदा**, (निसं.)। मसूदा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुरा सेकंड के ग्राम महेरिया मगरी में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हुये खूनी संघर्ष में एक युवती सहित तीन घायल हो गये। तीनों को 108 एंबुलेंस चालक राजेन्द्र जाट व कम्पाउंडर भागचंद चौधरी द्वारा मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टर अमित कुमावत व नर्सिंग स्टाफ काली गुर्जर व रहमान व रामस्वरूप द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के दौरान दो की हालत गंभीर होने के कारण अमृतकोर चिकित्सालय ब्यावर के लिए रेफर किया। घटना की जानकारी प्राप्त होने पर मसूदा पुलिस घटनास्थल व चिकित्सालय पहुंचकर पीड़ितों से मामले की जानकारी प्राप्त की। जानकारी के अनुसार दौलतपुरा सेकंड निवासी रोशन ने बताया कि वह अपने पुत्र शकील व पुत्री अफसाना के साथ घर के बाहर बैठे थे। तभी पास ही के खेत निवासी दुर्गा (विधवा) को अज्ञात लोग गाली-गलौज को मारपीट कर रहे थे। इस पर रोशन व रोशन के परिवार ने अज्ञात लोगों से मारपीट व गाली गलौज से रोकने का प्रयास किया तो सभी आठ-दस व्यक्तियों ने एकजुट होकर मेरे को मेरे पुत्र को मेरी पुत्री पर हथियार से लैस होकर जानलेवा हमला किया।

## शुरू हुई रथ यात्रा

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर में भगवान जगदीश की भव्य शोभा यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। भव्य व अद्भुत नजारे देखने को मिल रहे है। यात्रा के दौरान जन सैलाब उमड पडा है। पूरे रास्ते पर भगवा झंडे लहरा रहे हैं और अपार श्रद्धा उमड रही है। प्रथम पूज्य गणपतिजी की आराधना के बाद रथयात्रा शुरू हुए व भगवान को 21 बंदूकों की सलामी दी गई। इसके बाद पालकी में बैठा कर भगवान को रथ में अपार जयघोष के बीच विराजित किया गया।

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री भंवरलाल पुत्र स्व. नन्दराम निवासी थोक मालियान द्वितिय अजमेर द्वारा ग्राम थोक मालियान द्वितिय के खसरा नं. 6656 में 366.56 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है उक्त भूखण्ड में आवेदक द्वारा संलग्न दस्तावेजो की फोटो प्रति अनुसार उक्त भूखण्ड खातेदार रामदेव पुत्र धुकल से जरिये रजि विक्रय पत्र 19.4.89 को नन्दराम पुत्र मोतीराम को उक्त भूखण्ड प्राप्त हुआ नन्दराम से जरिये रजिस्ट्रेट विक्रय पत्र दिनांक 19.12.1997 से आवेदक को प्राप्त हुआ। उक्त प्लाट के दस्तावेजों में खसरा संख्या का अंकन ही है। उक्त प्लाट के नियमन किये जाने के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है अतः किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त दक्षिण
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सथाना पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)**

क्रमांक-ग्रा.पं. ./महानरेगा/निविदा/2024-25/290 दिनांक-01.04.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 31/2024-25**

ग्राम पंचायत सथाना वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 17.07.2024 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एंव वेबपोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO:- ZAJ2425A0181 UBN NO:- ZAJ2425GLOB00187

सरपंच ग्राम पंचायत सथाना, पंचायत समिति मसूदा अजमेर